ont>

Title: Need for construction of a by-pass in Ranchi, Jharkhand- Laid.

*श्री राम टहल चौधरी (रांची): अध्यक्ष महोदय झारखंड की राजधानी रांची में अभी तक बाई पास सड़क की सुविधा नहीं है। रांची की आबादी 15 लाख के करीब है और झारखंड के बीच में होने के कारण भारी परिवहन इसी राजधानी से गुजरते हैं, जिसके कारण रोजाना जाम होते हैं और कई गंभीर दुर्घटनाएं भी घटित होती हैं। इस संबंध में सदन में कई माध्यमों से केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है परन्तु अभी तक बाईपास की सुविधा नहीं मिली है, जिसके कारण लोगों को अनावश्यक असुविधा और समय की बर्बादी और पैट्रोलियम पदार्थों की फिजूलखर्ची हो रही है। कई छोटे-छोटे शहरों में बाई पास की सुविधा है परन्तु रांची में अभी तक बाई-पास का कार्य नहीं हुआ है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन तथ्यों की जांच करवायें और तत्काल बाई-पास बनाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू करवायें।

---

*Laid on the Table.